प्रेस नोट थाना सदर बाजार
जनपद शाहजहांपुर

सराहनीय कार्य दिनांक 06.05.2025

"थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वार मु0अ0स0 259/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस चोरी से संबधित 5140 रुपये सहित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के निर्देशन में अपराध रोकथाम हेतु कार्यवाही कराते हुए थाना सदर बाजार पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई ।

संक्षिप्त विवरण

दिनांक 06.05.2025 को वादी शमीम हुसैन पुत्र श्री इसरार हुसैन नि0मो0 महमद हद्दफ, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर के द्वारा थाना सदर बाजार पर मु0अ0स0 259/2025 धारा 303(2) बीएनएस बाबत अभियुक्त सनी उर्फ अउआ पुत्र राकेश नि0मो0 बालाजीनगर अजीजगंज, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा आवेदक की बाईक पर दिनाँक- 14.04.2025 समय करीब 13.30 बजे लिफ्ट लेकर पीछे सीट पर बैठकर आवेदक की जेब काटकर 35000 रूपये चोरी करने के संबंध मे पंजीकृत कराया गया था । जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री मो0 मतीन खां द्वारा सम्पादित की जा रही थी । आज दिनांक 06.05.2025 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा सी0सी0टीवी0 कैमरो की मदद व मुखबिर की सहायता से मुकदमा उपरोक्त में चोरी किये गये 5140 रुपये नगद व घटना में प्रयोग की गयी स्कूटी नम्बर UP 27 BK 6462 की बरामदगी कर अभियुक्त सनी उर्फ अउआ पुत्र राकेश नि0मो0 बालाजीनगर अजीजगंज, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर को समय करीब 12.45 बजे नगरिया मोड से पहले ककरा काकर कुन्ड जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से 5140 रुपए नगद व घटना मे प्रयोग की गयी स्कूटी नम्बर UP 27 BK 6462 को बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

सनी उर्फ अउआ पुत्र राकेश नि0मो0 बालाजीनगर अजीजगंज, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर

गिरफ्तारी दिनांक स्थान व समय

दिनांक 06.05.25 को नगरिया मोड से पहले ककरा काकर कुन्ड जाने वाले रास्ते पर समय करीब 12.45 बजे

बरादमगी का विवरण

1 चोरी किए गए 5140 रुपये नगद बरामद

2 घटना मे प्रयोग की गयी स्कूटी नम्बर UP 27 BK 6462

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

उ0नि0 श्री सौरभ शुक्ला

उ0नि0 मो0 मतीन खां

का0 2541 मुदित भारद्वाज

अभियुक्त का अपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 161/2016 धारा 379 भा0द0वि0 थाना बारादरी, जनपद बरेली।
2. मु0अ0सं0 268/2016 धारा 398/401 भा0द0वि0 थाना बारादरी, जनपद बरेली।
3. मु0अ0सं0 0500/2020 धारा 4/25 आयुध अधिनियम, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर।
4. मु0अ0सं0 0364/2020 धारा 379, 411 भा0दं0सं0 थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर।
5. मु0अ0सं0 0290/2020 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर।
6. मु0अ0सं0 0768/2021 धारा 379, 411 भा0द0वि0 थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर।
7. मु0अ0सं0 0679/2021 धारा 379, 411 भा0द0वि0 कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर।
8. मु0अ0सं0 0692/2021 धारा 307, 323, 420, 467, 471 थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर।
9. मु0अ0सं0 0072/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर।
10. मु0अ0सं0 0096/2022 धारा 2/3 उ०प्र० गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर।
11. मु0अ0सं0 0060/2024 धारा 4/25 आयुध अधिनियम थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर।
12. मु0अ0सं0 0140/2024 धारा 379, 411, भा0द0वि0 थाना रामचन्द्र मिशन, जनपद शाहजहाँपुर।
13. मु0अ0सं0 0259/2025 धारा 303(2)/317(2), भा0द0वि0 थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त ने पूछताछ से बताया कि दिनाँक- 14.04.2025 समय करीब 13.30 बजे मैनें शहबाजनगर रेलवे फाटक से एक व्यक्ति से मोटर साईकिल से लिफ्ट ली थी और मैनें मो0सा0 चालक की पैन्ट की पिछली जेब काटकर रुपये चोरी कर लिये थे और सुभाषनगर आउटर तिराहे से थोडा आगे स्कूल के पास मोटर साईकिल रुकवाकर उतरकर अपनी स्कूटी जिसको मैं मो0 सुभाषनगर में एक गली में खडी करके गया था। इसी स्कूटी से अपने घर चला गया था साहब मेरे पास चोरी किये रुपयों मे से यही 5140 रुपये बचे है बाकि रुपये मैनें खर्च कर लिये है आज भी मैं किसी की जेब काटने की फिराक में था लेकिन आपने पकड लिया।